rspcb

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल

मुख्यालय,4,पर्यावरण मार्ग ,संस्थानिक क्षेत्र,झालाना डूंगरी, जयपुर(राज.)

दूरभाष 0141-2716802 , 0141-2716807, फैक्स 0141-2716895

ई-मेल :- member-secretary@rpcb.nic.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक:F.11(100-बी)/रा.प्र.नि.मं./कें.प्र./ 1406 दिनांक - 23/10/2020

कार्यालय - आदेश

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवम अन्य स्थानों पर वायु प्रदूषण से सम्बंधित आम जनता की शिकायतों की प्राप्ति एवम निस्तारण हेतु SAMEER Application जारी किया हुआ हैं जिसके अंतर्गत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल मुख्यालय,जयपुर को शिकायत निवारण एवम निस्तारण हेतु ऑनलाइन लिंक https://app.cpcbccr.com/ccr/#/login के माध्यम से प्रेषित किया जाता हैं ।

इस प्रकार SAMEER Application पर प्राप्त वायु प्रदूषण से सम्बंधित शिकायतों के त्वरित निवारण एवम निस्तारण हेतु निम्नानुसार दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं :-

1. SAMEER Application के वेब लिंक https://app.cpcbccr.com/ccr/#/login का राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल का कॉमन लॉग इन ID समस्त क्षेत्रीय अधिकारीयों को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा ।
2. सम्बंधित क्षेत्रीय अधिकारी शिकायतों के निवारण एवम निस्तारण हेतु कार्यालय के किसी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे एवम नियमित अनुवीक्षण सुनिश्चित करेंगे ।
3. सम्बंधित नोडल अधिकारी, कार्यालय क्षेत्राधिकार से सम्बंधित SAMEER Application पर प्राप्त शिकायत को नियमित रुप से (प्रतिदिन)डाउनलोड करके निवारण एवम निस्तारण की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे एवम तत्सम्बन्धित पंजिका संधारित करते हुए प्रगति रिपोर्ट क्षेत्रीय अधिकारी को नियमित रूप से प्रस्तुत करेंगे ।
4. SAMEER Application पर प्राप्त वायु प्रदूषण की समस्या बाबत कारक/विषयवस्तु राज्यमंडल से सम्बंधित नहीं होने की स्थिति में क्षेत्रीय अधिकारी इस प्रकार की शिकायत को अविलम्ब सम्बंधित विभाग को ईमेल एवं डाक द्वारा प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा सम्बंधित विभाग से अनुपालना/ निस्तारण प्रतिवेदन प्राप्त कर SAMEER App. में अपलोड करेंगे ।
5. SAMEER Application पर उक्तानुसार शिकायतों के निवारण,निस्तारण में तकनीकी सहायतार्थ हेल्पडेस्क एवं नियमित मोनिटरिंग हेतु राज्य मंडल मुख्यालय,जयपुर स्तर पर निम्न अधिकारीयों को नामित किया गया हैं ,जिनसे आवश्यकतानुसार समन्वय /संपर्क किया जा सकता हैं :-
   (i) श्रीमती रिंकी महेरा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी,राज्य मंडल मुख्यालय,जयपुर
   मोबाइल :-9461455352 ; ईमेल:- lab.rpcb@gmail.com
   (ii) श्रीमती आस्था मिश्रा,सहायक प्रोग्रामर ,राज्य मंडल मुख्यालय,जयपुर
   मोबाइल :-7850089158 ; ईमेल:- lab.rpcb@gmail.com
6. सभी सम्बंधित SAMEER Application पर पर प्राप्त वायु प्रदूषण से सम्बंधित शिकायतों के निवारण एवम निस्तारण हेतु निर्देशों की कडाई से पालना सुनिश्चित करेंगे ।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

(उदय शंकर)
सदस्य सचिव

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु पेषित हैं:-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदय, रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
2. वरिष्ठ निजी सहायक,सदस्य सचिव,रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
3. मुख्य पर्यावरण अभियंता/ मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी/ मुख्य लेखाधिकारी, रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
4. शाखा प्रभारी (पी.सी.वी),रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
5. शाखा प्रभारी (आईटी),रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
6. समस्त क्षेत्रीय अधिकारी, रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
7. श्रीमती रिंकी महेरा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
8. श्रीमती आस्था मिश्रा,सहायक प्रोग्रामर, रा.रा.प्र.नि.मं.,जयपुर ।
9. रक्षित पत्रावली ।

(उदय शंकर)

सदस्य सचिव